# MONIND LIMITED

**Regd. Off**. : Block-7, Room No. 78, Deen dayal awas, Kabir Nagar Raipur, CT 492099
**CIN**: L51103CT1982PLC009717; **Corp Office:** Monnet House, 11 Masjid Moth,
Greater Kailash Part II, New Delhi-110048; **Phones:** 011-29223112; Ph. : +91-877-0344104**E Mail:**isc_mind@monnetgroup.com; **website:** www.monnetgroup.com

**14.02.2024**

**DGM – Deptt. of Corporate Services**
**BSE Ltd**
**Phiroze Jeejibhoy Towers, Dalal Street,**
**Mumbai – 400001**

**The Secretary**
**The Calcutta Stock Exchange Ltd.**
**7, Lyons Range,**
**Kolkata- 700001**

**Scrip Code – 532078**

**SUB: Publication of Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended on December 31, 2023**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulations 30 and 47(3) read with Schedule III of Listing Regulations, please find enclosed the copies of newspaper advertisement published in the newspaper Financial Express (All Edition, English Daily) and Raj Express (Hindi Newspaper), regarding publishing of unaudited Financial Results for the Quarter and nine months ended December 2023 which were considered, approved and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on 13.02.2024.

You are requested to take the above information on record.

**For Monind Limited**

RINKAL

Digitally signed by RINKAL
DN: c=IN, o=PERSONAL, title=9025,
pseudonym=6e47cae209f2eadb15c33e6dd290a0be,
2.5.4.20=516814D48C49CA6509F2CE63DFE6A4E6D769597
1664B8069A73EE71D4D3D834C, postalCode=201001,
st=Uttar Pradesh,
serialNumber=152ac62c26eb5ddb4b4dac1d295acdc98a82
290ec387f2032006efc57de0d989, cn=RINKAL
Date: 2024.02.14 18:03:34 +05'30'

**Rinkal**
**Company Secretary and Compliance Officer**

## एक्सप्रेस न्यूज

### राज्य में 103 लाख 87 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर** । राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 107 लाख 17 हजार 280 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 103 लाख 87 हजार 958 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। धान उपार्जन के एवज में किसानों को 31 हजार 913 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 24 लाख 72 हजार 440 किसानों से 04 फरवरी 2024 तक 144 लाख 92 हजार 96 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

### व्याख्याता पद की ऑनलाइन काउंसिलिंग 16 से 19 फरवरी तक

**रायपुर** । शिक्षक सीधी भर्ती 2023 में व्याख्याता पद हेतु अभ्यर्थियों की चतुर्थ चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 16 फरवरी दोपहर 12 बजे से 19 फरवरी संध्या 05 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट के माध्यम से प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार व्याख्याता पद के 104 अभ्यर्थियों के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर देखी जा सकती है। सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस काउंसिलिंग उपरांत दस्तावेज सत्यापन लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन नवा रायपुर में किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर 5.78 करोड़ रुपए की राशि जारी

**रायपुर**। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता कमांडो के मानदेय के भुगतान के लिए विभाग द्वारा पांच करोड़ 78 लाख 77 हजार 560 रुपए की राशि जारी की गई है। संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज जारी इस राशि से प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में काम कर रहे स्वच्छता कमांडो को अक्टूबर-2023 से दिसम्बर-2023 तक लंबित तीन महीनों के मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव**। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव तहसील के आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 झोपड़ी क्षति होने पर 16 हजार रूपए, आग से धान की खरही क्षति होने पर 10 हजार 900 रूपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 21 धान फसल क्षति होने पर 39 हजार 215 रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अग्निवीर वायु सेना भर्ती परीक्षा की तैयारी की जानकारी

**राजनांदगांव** । अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जिले के युवा परीक्षा की तैयारी से संबंधित सभी जानकारी समय-समय पर प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी प्राप्त करने हेतु युवा शीघ्र ही जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव एवं दूरभाष क्रमांक 07744-299523 से पर संपर्क कर सकते हैं।

### दिव्यांग रोशन राजवाड़े की होगी नि:शुल्क पढ़ाई

**कोरिया** । सर, मेरे बेटे रोशन राजवाड़े जन्म से मूक-बधिर व मंदबुद्धि है, इनकी कुछ मदद कर दीजिए। यह फरियाद कलेक्टर सभागृह में आयोजित जन चौपाल में ग्राम पिपरा निवासी सरस्वती राजवाड़े पति संतकुमार राजवाड़े अपने 13 वर्षीय बेटे रोशन राजवाड़े के बारे में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को जानकारी साझा की। कलेक्टर लंगेह ने तत्काल आवेदन पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी हर संभव मदद करें साथ ही इन्हें मूक-बधिर स्कूल में भर्ती करें और नि:शुल्क शिक्षा, भोजन, रहने की सुविधा भी मुहैया कराई जाए। जानकारी के मुताबिक समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल बौद्धिक मंदता वाले बालकों के लिए विशेष स्कूल, ओड़गी नाका, बैकुण्ठपुर में प्रवेश देने के साथ एमआर किट भी प्रदान की गई ताकि बालक रोशन फिजयोथेरेपी व सामान्य व्यायाम कर सके। बालक रोशन राजवाड़े की मां सरस्वती राजवाड़े ने पेंशन देने की आवेदन पर, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आवेदन प्राप्त की गई है, नियमानुसार पेंशन संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

### 12 टन अधिक क्षमता के माल वाहनों के आवागमन को किया प्रतिषेध

**राजनांदगांव**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत आने वाले तीन सड़क मार्गों पर 12 टन अधिक क्षमता के माल वाहनों के आवागमन को प्रतिषेध कर दिया है। इसके अंतर्गत घोरदा से बनहरदी 3 किलोमीटर, रामपुर से बनभेड़ी 2.95 किलोमीटर एवं अर्जुनी से मेढ़ा 2.50 किलोमीटर शामिल है। जारी आदेश में कहा गया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए खनिज सामग्री (मुरूम, रेत, गिट्टी, पत्थर) का परिवहन 12 टन से अधिक भार क्षमता वाले वाहनों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क मार्ग से होता है। ग्रामीण इलाकों की जिला मुख्यालय एवं मुख्य सड़क से जोडने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण किया गया है। इन मार्गों का मानक डिजाईन जिले की अन्य सड़क मार्ग (ओडीआर) के बराबर होने के कारण व्यावसायिक माल वाहनों को संचालन से क्षति पहुंचती है, इनके रख-रखाव पर राजस्व का व्यय होता है।

### दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु मूल्यांकन शिविर 20-21 को

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही**। सामाजिक निगमित दायित्व (सी.एस.आर.) योजना के तहत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड भारत सरकार का मिनीरत्न उपक्रम के सौजन्य से जिले के दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण-मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं सुगम्य केन, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, एल्बो क्रच, बैसाखी, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र, सीपी चेयर का नि:शुल्क वितरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए 20 फरवरी मंगलवार को जनपद पंचायत मरवाही के ग्राम पंचायत भवन धनपुर में और 21 फरवरी बुधवार को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गुरुकुल गौरेला में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक परीक्षण-मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जा रहा है। मूल्यांकन-परीक्षण के बाद आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने शिविर आयोजन के लिए सभी जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने और शिविर की जानकारी हेतु मुनादी के निर्देश दिए है।

## मुख्यमंत्री साय की संवेदनशीलता से कई मरीजों का इलाज शुरू

# डेढ़ साल के मासूम का रायपुर में होगा नि:शुल्क ट्रीटमेंट

● जशपुर / आरएनएन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल से डेढ़ साल के मासूम जयंत सिंह की आंख का निशुल्क उपचार रायपुर के मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लॉक के बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में डेढ़ साल के मासूम जयंत के पिता श्रवण कुमार ने बताया कि अज्ञात बीमारी के कारण जयंत के बाएं आंख की रोशनी चली गईं है, उन्होंने बताया कि बेटे के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्होंने स्थानीय स्तर पर इलाज कराया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। चिकित्सकों ने उन्हें बड़े अस्पताल मे जयंत का जांच कराने की सलाह दी है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण, वे इलाज नहीं करा पा रहे है। मामले की संज्ञान में आते ही सीएम हाउस, बगिया ने जयंत के इलाज की व्यवस्था की, उसे जांच के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर में भर्ती करा दिया गया है. आंखों की जांच पूरी हो जाने के बाद, डॉक्टर आगे के उपचार का निर्णय करेंगे जयंत के पिता श्रवण कुमार ने बेटे के इलाज की व्यवस्था के लिए आभार जताया है।



### बुजुर्ग के पैर का हुआ सफल ऑपरेशन

इसी प्रकार जिले के फरसाबहार ब्लॉक के सुईजोर निवासी माणिक चंद राम एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो कर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना में उनके पैर में गंभीर चोट आई थी,जिससे उन्हें चलने फिरने में तकलीफ हो रही थी। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया की पहल पर माणिक चंद को इलाज के लिए अंबिकापुर में भर्ती करा दिया गया है और इनका पैर का सफल ऑपरेशन हो चुका है, यहां चिकित्सक उनका बेहतर उपचार कर रहे हैं।



### अब तक 75 मरीजों के इलाज की व्यवस्था

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह ग्राम बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर अब तक 75 मरीज और सड़क दुर्घटना मे घायल लोगों को इलाज में सहायता उपलब्ध कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण करने के बाद से बगिया जरूरतमंद लोगों की आशा का केंद्र बना हुआ है। यहां जनदर्शन में आने वाले को सीएम निवास राहत पहुंचाने के लिए तत्काल कदम उठा रहा है।

## फाईलेरिया मुक्त बस्तर के लिए चलाया जा रहा अभियान, दी जाएगी दवा

**जगदलपुर**। जिले में फाइलेरिया मुक्ति हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत छूटे हुए चिन्हित लोगों को दवा सेवन कराए जाने आगामी 26 से 28 फरवरी तक माप-अप-राउंड चलाया जाएगा। जिसके तहत गर्भवती महिलाओं, 02 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों तथा गम्भीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर अन्य चिन्हित व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव हेतु डीईसी दवा एवं एल्बेंडाजोल की गोली सेवन करायी जाएगी।

इस रोग के बचाव के लिये मुफ्त में एमडीए की दवा दी जा रही है। जिसके सेवन से फाईलेरिया (हाथीपांव) से संबंधित शिकायत नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुर्वेदी ने इस बारे में बताया कि फाईलेरिया मच्छर के के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। जिसे सामान्यतः हांथीपांव के नाम से जाना जाता है। फाईलेरिया शरीर को दुर्बल, निःशक्त एवं कुरूप करने वाली एक बीमारी है।फाईलेरिया परजीवी संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में फैलता है। यह बीमारी का संक्रमण आमतौर पर बचपन में ही हो जाता है। संक्रमण के बाद 5 से 15 वर्षों में हाथीपांव, हाईड्रोसील पुरुषों एवं महिलाओं के स्तन में सूजन इत्यादी के रूप में दिखाई देता है। सीएमएचओ ने बताया कि बस्तर जिले में कुल 91 फायलेरिया मरीज हैं जिसमें 65 लिम्फोडोमा (हांथीपांव) तथा 26 हाइड्रोसील से सम्बंधित हैं। जिसके तहत विकासखण्ड तोकापाल-6, लोहण्डीगुड़ा-4, बस्तर-8, बकावण्ड-48, जगदलपुर ग्रामीण (नानगुर)-8 एवं जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 17 मरीज चिन्हांकित किया गया है। वहीं अब तक विकासखण्ड बकावण्ड में 13 हाईड्रोसील मरीजों का सफलतापूर्वक आपरेशन किया गया है और उक्त ब्लॉक के चिन्हित 26 हाईड्रोसील मरीजों का ऑपरेशन कर जिले को हाईड्रोसील मुक्त किया जाना है। ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 24 नवम्बर से 07 दिसम्बर 2022 तक जिले के 07 विकासखण्डों के 13 गांव एवं जगदलपुर शहर के एक वार्ड में कुल 4225 रक्तपट्टी का संकलन किया गया था, जिसमें 33 रोगियों के रक्तपट्टी में माइक्रो फाईलेरिया परजीवी पाये गये थे एवं जिले के विकासखण्ड बकावण्ड, बस्तर एवं तोकापाल में माईक्रो फाईलेरिया सकारात्मक दर 1 प्रतिशत से अधिक पाये गये थे। तीनों विकासखण्डों के सम्बन्धित ग्रामों को दवा सेवन में शामिल किया गया है।

### कलेक्टर ने इंटक वेल फिल्टर प्लांट में किया अवलोकन

**रायपुर** । कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह मंगलवार सुबह नगर निगम बीरगांव दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीरगांव नगर निगम के इंटक वेल का निरीक्षण किया। उन्होंने इसमें एकत्र होने वाले पानी के स्त्रोत की जानकारी ली। बीरगांव नगर निगम आयुक्त बृजेश क्षत्रिय ने बताया कि खारून नदी से पानी इंटक वेल में जाता है। कलेक्टर ने उक्त परिसर के पास स्थित सीएसईबी के पुराने इंटक वेल के स्ट्रक्चर को हटाने का निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने बिरगांव नगर निगम के फिल्टर प्लांट का भी अवलोकन किया और पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आने वाले दस वर्षों के पेयजल आपूर्ति के लिए भी कार्ययोजना बनाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों के किनारे जो कंडम वाहन वर्षों से पड़े हुए हैं। उनके मालिकों का पता कर उन्हें हटाने के लिए कहे। उनके द्वारा ना हटाये जाने पर कार्यवाही करते हुए कंडम वाहनों को थाने में जमा कर दें।

## 51 लाख 16 हजार से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

### महतारी वंदन योजना को लेकर दिख रहा उत्साह

**रायपुर**। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश की महिलाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। योजना के तहत आवेदन भरने के लिए सभी जिलों में पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर लगाए गए शिविरों में महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश में अब तक 51 लाख 16 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। 12 फरवरी को प्रदेश में 4 लाख 91 हजार 914 महिलाओं ने आवेदन किया है।

**पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर लगे शिविरों में महिलाओं की भारी भीड़**

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं को 12 हजार रूपए दिये जाएंगे। प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रूपए से महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के साथ पारिवारिक जरूरतों में मदद कर सकेंगी। जिलावार प्राप्त आवेदन- महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक रायगढ़ जिले में 01 लाख 86 हजार 289, जांजगीर-चांपा में 02 लाख 27 हजार 775, बलरामपुर में 01 लाख 60 हजार 78, बलौदाबाजार में 01 लाख 71 हजार 940, कोण्डागांव 01 लाख 10 हजार 334, कवर्धा 01 लाख 74 हजार 915, सूरजपुर में 01 लाख 73 हजार 195, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 42 हजार 790, गरियाबंद में 01 लाख 31 हजार 868, बेमेतरा में 02 लाख 1 हजार 955, सारंगढ़-बिलाईगढ़ से 01 लाख 56 हजार 260, रायपुर से 05 लाख 94 हजार 346, राजनांदगांव से 01 लाख 81 हजार 229, सक्ती से 01 लाख 23 हजार 455, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई से 78 हजार 317, मुंगेली से 01 लाख 73 हजार 602, बालोद से 01 लाख 96 हजार 139, दंतेवाड़ा से 61 हजार 834, धमतरी से 1 लाख 49 हजार 586, जशपुर से 01 लाख 47 हजार 22, कोरबा से 01 लाख 67 हजार 201, कांकेर से 1 लाख 11 हजार 473, बस्तर से 01 लाख 46 हजार 163, दुर्ग में 02 लाख 62 हजार 708, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 51 हजार 782, बिलासपुर से 02 लाख 43 हजार 132, सरगुजा से 01 लाख 86 हजार 454, कोरिया से 50 हजार 941, सुकमा से 40 हजार 141, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही से 74 हजार 589, महासमुंद से 03 लाख 2 हजार 572, नारायणपुर से 17 हजार 170, बीजापुर से 18 हजार 760 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## महतारी वंदन योजना: हितग्राही जान सकेंगे आवेदन की स्थिति

**रायपुर** । महतारी वंदन योजना के हितग्राही अब अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में जान सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि mahtarivandan.cgstate.gov.in लिंक की सहायता से हितग्राही अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## हसदेव अरण्य बचाओ आंदोलन कारियों से मिले राहुल गांधी

**अंबिकापुर**। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंबिकापुर में थी। यात्रा के दौरान मार्ग में हसदेव नदी जंगल बचाओ के आंदोलनकारियों ने ग्राम मोरगा में मानव श्रृंखला बनाकर राहुल गांधी और कांग्रेस को आंदोलन के संघर्ष और मजबूती से अवगत कराया। इस दौरान राहुल गांधी अपनी गाड़ी से उतरे और वहीं एक झोपड़ी में आकर खाट में बैठकर चर्चा की। साथ ही आंदोलकारियों से यह भी वादा किया कि हमारे कार्यकर्ता हसदेव बचाओ आंदोलन से जुड़ेंगे। हसदेव अरण्य संघर्ष समिति के अध्यक्ष और पतुरियाडांड़ के सरपंच उमेश्वर सिंह आर्मो ने पिछ्ले दस साल के आदिवासियों के द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन और पदयात्रा की जानकारी राहुल गांधी को दी। उन्होंने बताया कि यह पांचवीं अनुसूची का क्षेत्र है और पेसा कानून के अनुसार बगैर ग्रामसभा की अनुमति के कोई खदान नहीं खोली जा सकती और न ही जंगल काटने की वन अनुमति शासन दे सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा तीन सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर रायपुर जाकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को फर्जी ग्रामसभा की जांच की मांग की गई, जो आश्वासन मिलने के बावजूद अभी तक नहीं पूरी नहीं हुई है। राहुल गांधी ने हसदेव को लेकर पूछा कि वे अभी क्या कर सकते हैं, जिसके जवाब में बिलासपुर से आंदोलनकारियों के साथ आए प्रथमेश ने कहा कि जब आदिवासियों के संघर्ष की वजह से शासन नई खदान शुरू नहीं कर पा रहा है। जिसकी अनुमति दी जा चुकी है, यदि आप और आपके कार्यकर्ता आंदोलनकारियों के साथ आ जाएं तो हमारा प्रतिरोध मजबूत होगा ।



**योजना** आवास योजना से स्वयं का पक्का मकान बनने की फातिमा ने जाहिर की खुशी, बोलीं...

## मजदूरी करके जीवन में नहीं बना सकते थे पक्का मकान





● मनेंद्रगढ़-चिरमिरी / आरएनएन

भरतपुर जिले की भरतपुर जनपद पंचायत के ग्राम रामगढ में 62 वर्षी वृध्दा फातिमा बेगम आज अपने बेटे यार मोहम्मद तथा बहू मदीना बानो के साथ रहती है। फातिमा प्रधानमंत्री आवास योजना से वर्ष 2019-20 में आवास स्वीकृति हुआ। स्वीकृति पश्चात् आवास की किश्त आयी तो उन्होंने दो कमरों का पक्का आवास हाल ही में पूरा कराया है। इसके साथ पक्का शौचालय भी बनाया है। फातिमा बेगम को समाज कल्याण विभाग से हर माह 350 रु की पेंशन तथा खाद्य विभाग के माध्यम से 1 रूपये किलो चावल भी मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वयं के लिए पक्के की आवास बनाने पर खुशी जाहिर करते हुये फातिमा ने कहा कि जीवन भर हम ने मजदूरी की और मेरे पति भी मजदूरी करते-करते मर गये। बेटा तथा बहू भी मजदूरी करते है। लेकिन हम बड़ी मुश्किल से अपने छोटे से कच्चे मकान में रहते थे। मजदूरी करके हम लोग जिंदगी में कभी पक्के का मकान नहीं बना सकते थे। हमने कभी सोचा भी नहीं था हमारा पक्के का मकान होगा। आकाश में बादल छाते ही हमारी धड़कने तेज हो जाती थी। कच्चे के मकान में जगह-जगह पानी टपकता था। पूरा फर्श गीला हो जाता था। कई बार तो सोने के लिये जगह ही नहीं बचती थी। आज आवास बनने से बरसात में पानी की समस्या से निजात मिल गया है। बहुत-बहुत भला हो प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री का जिन्होंने हमें पक्का मकान दिया। अब पक्के घर में चैन की नींद आती है। सरकार ने पक्का घर देकर बड़ा उपकार किया है।

फातिमा तो अब मेहनत का काम नहीं कर सकती है, पर परिवार की आय में योगदान देने के लिये वह चूड़ियां बेचकर अपना जीवन यापन कर रही है। बेटा-बहू मजदूरी पर जाते है। प्रधानमंत्री आवास ने फातिमा बेगम के जीवन सुखमय बना दिया है।

## समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में किया जा रहा सार्थक कार्यः कलेक्टर

**राजनांदगांव** । कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में 18 आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय, नगरीय निकायों के कार्यालयों में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशन में जिला अधिकारियों द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही त्वरित निराकरण की दिशा में सार्थक कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विरेन्द्र सिंह, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




**मोनिन्ड लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालय :- 11, मोनेट हाऊस, मस्जिद मोठ ग्रेटर कैलाश, पार्ट-II, नई दिल्ली-110048
पंजीकृत कार्यालय : ब्लॉक-7, रूम नं. 78, दीन दयाल आवास कबीर नगर रायपुर, सीटी- 492099 दूरभाष नं. : 011-29223112
ईमेल : isc_mind@monnetgroup.com; वेबसाइट : www. monnetgroup.com सीआईएन- L51103CT1982PLC009717

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हुई तिमाही एवं नौ माह के लिए गैर अंकेक्षित वितिय परिणाम का लेखा जोखा (रू. लाख में प्रति शेयर डाटा लाभ के अतिरिक्त)

| स. क्रं. | तथ्य | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 गैर अंकेक्षित | 30.09.2023 गैर अंकेक्षित | 31.12.2022 गैर अंकेक्षित | 31.12.2023 गैर अंकेक्षित | 31.12.2022 गैर अंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित |
| 1. | संचालन से कुल आय (सकल) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, कर के पूर्व) | (57.30) | (59.88) | (55.90) | (140.93) | (167.47) | (295.97) |
| 3. | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि कर के पूर्व) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, के पश्चात) | (57.30) | (59.88) | (55.90) | (140.93) | (167.47) | (295.97) |
| 4. | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण एवं या/विशेष सामग्री | (57.30) | (59.88) | (55.90) | (140.93) | (167.47) | (296.16) |
| 5. | समयावधि के लिए कुल व्यापक आय [(कर के पश्चात) समयावधि के लिए व्यापक लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आयक (कर के पश्चात)] | (57.30) | (59.88) | (55.90) | (140.93) | (167.47)) | (296.16) |
| 6. | इक्विटी शेअर पूंजी (प्रत्येक की फेस वेल्यू रूपये 10/-) | 368.13 | 368.13 | 368.13 | 368.13 | 368.13 | 368.13 |
| 7. | रिजर्व्स (पुर्नमूल्यांकित रिजर्व्स को हटाकर) जैसा कि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | - |
| 8. | प्रति शेअर आय (रू.10/- प्रत्येक)(संचालन को निरंतर करने एवं बंद करने के लिए) | | | | | | |
| | आधार : | (1.56) | (1.63) | (1.52) | (3.83) | (4.55) | (8.05) |
| | मिश्रित : | (1.56) | (1.63) | (1.52) | (3.83) | (4.55) | (8.05) |

*विशेष :-*
1. उपरोक्त गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणाम 13 फरवरी, 2024 को आयोजित मीटिंग में ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षित एवं इसके पश्चात् 13 फरवरी, 2024 को कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत किये गये हैं।
2. 31.12.2023 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के वित्तीय परिणाम अंकेक्षकों के सीमित पुनर्निरीक्षण के विषयाधीन है।
3. 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ माह के परिणाम, 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिये गैर-अंकेक्षित परिणाम और 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छह माह के लिये प्रकाशित गैर-अंकेक्षित परिणामों के मध्य संतुलन के आँकड़े हैं।
4. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर त्रैमासिक और नौ माह वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट www.monnetgroup.com पर उपलब्ध हैं।

स्थान :- नई दिल्ली
दिनांक :- 13.02.2024

मोनिन्ड लिमिटेड के लिए
महेश कुमार शर्मा
पूर्ण कालिक निदेशक एवं सीएफओ